enquiry can be conducted and completed, it cannot be said as to what is the correct position.

**(ii) Sheloving of certain proposed Steel Plants in South India**

SHRI R KOLANTHAIVELU (Tiruchengode): Sir, the Salem Steel Plant's detailed project Report was prepared twice. The second DPR was accepted by the Government and the initial work was started. But now this DPR has been brushed aside. The Salem Steel Plant has just become a fabrication plant, getting plates from Rourkela Steel Plant and then processing it. While this is the fate of Salem Steel Plant along with this Vizianagaram Steel Plant was announced During last year's Chikmagalur election, Mangalore Steel Plant was announced After the crushing defeat of the ruling party, Mangalore Steel Plant has been put in cold storage. Viziangaram Plant has been shelved If the industrial climate is not good for the completion of these projects one can appreciate the Government's lukewarm attitude After the advent of the Janata Party at the Centre in 1977, Paradip Steel Plant idea was mooted. Within two years this project is already half-completed When the Government of India imports steel, naturally one gets incensed Now, steel is being imported But Salem Steel Plant has been sliced Vizianagaram Steel Plant and Mangalore Steel Plant has been shelved. I would like to know the reasons for this. I request that the Minister of Steel should make a detailed statement. He should clarify whether South India is not being neglected in this matter.

**(iii) Loss of foodgrains for want of proper storage arrangements by the Food Corporation of India.**

डा० लक्ष्मी नारायण पांडेय (मंदसौर): उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपकी आज्ञा से नियम 377 के अन्तर्गत एक महत्वपूर्ण विषय की ओर इस सदन तथा सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता ।

भारतीय खाद्य निगम के कुप्रबन्ध के फलस्वरूप जहां आज हजारों कृषकों को अपना गेहूं समर्थन मूल्य से भी कम दामों पर बेचना पड़ रहा है वहां भण्डारण की दोषपूर्ण व्यवस्था से करोड़ों रुपयों का अनाज नष्ट होता जा रहा है। विगत दिनों विभिन्न समाचार-पत्रों में अनाज की बर्बादी के जो आंकड़े आये हैं, वे वास्तव में चौंका देने वाले हैं। एक ही वर्ष में करोड़ों की हानि वास्तव में विचारणीय है। हम अपने उत्पादन का एक बड़ा भाग अव्यवस्था के फलस्वरूप नष्ट कर देते हैं। भारतीय खाद्य निगम की खरीदी, भण्डारण, रख-रखाव आदि के बारे में यद्यपि कई बार चर्चायें की जाती रही हैं किन्तु परिणाम शून्य है और आज स्थिति सुधार के बजाय खराबी की ओर है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि हमारी इसी दोषपूर्ण नीति का ही परिणाम है कि हम रूस को निश्चित मात्रा मे समय पर गेहू नही दे सके है और न वियतनाम को दिए गए आश्वासन की ही पूर्ति कर सके है। आज यद्यपि खरीदी कही कही बढ रही है किन्तु उसकी स्थिति भी सन्तोषजनक नही है। खरीदा गया गहू बाहर खुले मैदानो में पड़ा है। उसे भरने के लिए गनीबैग्ज भी उपलब्ध नही है। यद्यपि निगम को इस बात का ज्ञान था कि उसे खरीदी करनी है और उस दृष्टि से कहां क्रय केंद्र होंगे, कितनी खरीदी प्रत्येक केंद्र पर सम्भावित है, भण्डारण की क्या व्यवस्था होगी तथा यातायात का क्या प्रबन्ध है आदि, किन्तु ऐसा लगता है इन सभी बातों की ओर दुर्लक्ष किया गया है जिससे किसान भी परेशान है और गेहू बर्बाद होने की पूरी पूरी सम्भावनाये है। अत यह आवश्यक है कि इस ओर तुरन्त ध्यान दिया जाए और उचित व्यवस्था की जाए जिससे कि किसान परेशान न हो, अनाज बर्बाद होने से बचे व करोडो की आर्थिक हानि को रोका जा सके। इसी प्रकार वर्तमान मे भण्डारो मे रखे गए गेहू व चावल की पूरी हिफाजत की जाए अन्यथा अनाज खराब होकर अनुपयोगी होने की सम्भावना है जिससे कि आज हो रही करोड़ों की हानि और बढ़ सकती है। खाद्य निगम की कई दुर्व्यवस्थाओ की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए सासदो को धरना भी देना पड़ता है। मैं माननीय कृषि मंत्री जी का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए निवेदन करूंगा कि सम्पूर्ण स्थिति को गम्भीरता से लें व तुरन्त प्रभावी कार्यवाही करे जिससे किसानो को समर्थन मूल्य मिले, अनाज बर्बादी से बचे व करोड़ो की आर्थिक हानि रोकी जा सके।

**(iv) Demonstration by Nepalese in front of their Embassy in New Delhi**

श्री मनी राम बागड़ी (मथुरा) : उपाध्यक्ष महोदय, नैपाल के बारे में आप ने नियम 377 के अन्तर्गत मुझे अनुमति दी है, मैं सब से पहले महामानव डा० लोहिया को सलाम करूंगा जिन्होंने नैपाल दिवस मना कर के ....

**उपाध्यक्ष महोदय** : आप ने जो स्टेटमेंट दिया है, उस को पढ़िये ।

**श्री मनी राम बागड़ी** : उस के बाद श्री बी० पी० कोयराला, बूढ़ा शेर जो जेल काटते-काटते थक गया है, आज भी जेल काट रहा है . . .

**उपाध्यक्ष महोदय** : आप ने जो स्टेटमेंट दिया है, उसी को पढ़ें ।

**श्री मनीराम बागड़ी** : मैं उसी को पढ़ रहा हूं ।

नैपाल की जनता ने हमेशा श्री जयप्रकाश नारायण डा० राम मनोहर लोहिया की रहनुमाई में अंग्रेजी राजशाही के खिलाफ भारतीय जनता की मदद की थी । जब हम लोग जेलों में थे तो आशा करते थे कि दुनिया भर के देश जनतंत्र के वास्ते हमारे देश में हमारी मदद करें । यदि हम इस मामले में दिलचस्पी नहीं लेते तो इस का मतलब होगा कि भारत नैपाल को किसी और मुल्क की गोद में डाल रहा है । आज नैपाली भाग कर भारत में आ रहे । और शरण ले रहे हैं । बड़े दुख की बात है कि नैपाल की जनता जब रोष प्रकट करने को दिल्ली स्थित नैपाली दूतावास में जा रही थी तो उन पर लाठी और अश्रु गैस छोड़ी गई ।

मैं आशा करता हूं कि भारत सरकार इस सम्बन्ध में कुछ कदम उठायगी । श्री जय प्रकाश नारायण खुद काम नहीं कर सकते हैं, परन्तु उन के सचिव के नेतृत्व में एक कमेटी बनी है । आप देश की जनता की भावनाओं को समझें और यह सदन नैपाल की जनता के साथ सहानुभूति दिखाये ।

एक शब्द मैं और कहना चाहता हूं—आप भी डा० लोहिया के साथ रहे हैं

**उपाध्यक्ष महोदय** : जो स्टेटमेंट आप ने दिया है, वही पढ़ सकते हैं ।

**श्री मनीराम बागड़ी** : मैं उन को सलाम अवश्य देता हूं—जो शहीद हुए हैं और मैं इस सदन से चाहूंगा कि आप लोग खड़े हो कर उन के लिए अवश्य श्रद्धांजलि अर्पित कीजिए, एक मिनट के लिए मौन धारण कीजिए (**व्यवधान**) . .

## (v) Report on the treatment of Dr. Ram Manohar Lohia in Willingdon Hospital.

**श्री राजनारायण ( रायबरेली )** : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आप की अनुकम्पा से एक बहुत ही आवश्यक विषय सदन के सम्मुख पेश कर रहा हूं और सदन के सम्मानित सदस्यों से निवेदन करता हूं कि आज जरा इस को ध्यान से सुनें । यह सदन एक प्रतिबिम्ब है, जो बाहर की घटनाओं को प्रतिबिम्बित करता है . . .

**उपाध्यक्ष महोदय** : आप का जो स्टेटमेंट है—उस को पढ़िये ।

**श्री राज नारायण** : श्री स्वास्थ्य मंत्री ने डा० राम मनोहर लोहिया से सम्बन्धित रपट सदन में रखी । यह रपट अधूरी है और सत्य पर पर्दा डालती है । सदन में रपट रखते समय ही मैंने अपने भावों को व्यक्त कर दिया था और आप को निवेदन किया था कि इस पर एक दिन बहस के लिए रखा जाये । बहस के लिए कुछ खास खास मुद्दा का आप की सेवा में प्रस्तुत कर रहा हूं ।

1 यह विचित्र बात है कि ब्रिगेडियर लाल, सीनियर सिर्जीगयन ने डा० लोहिया के यूरीनरी सिस्टम की जांच के कार्य को किसी खास सर्जन के जिम्मे नहीं किया । उस वक्त डा० पाठक सीनियर सर्जन थे और डा० दरबारी उन से दो स्तर नीचे थे ।

यह पहला सवाल है—आप से मेरा निवेदन है कि इस पहले सवाल का जवाब आप स्वास्थ्य मंत्री से इस सदन को दिलवाये ।

2 डा० फकीर चन्द ने डा० लोहिया के हाईपरटेंशन की बाबत डा० करोली से विचार-विमर्श किया और कहा कि इस समय हाईपर-टेंशन का आपरेशन करना ठीक नहीं । लेकिन डा० करोली ने डा० फकीरचन्द से कहा कि अब वह यानी डा० लोहिया अपनी सब से अच्छी हालत में हैं और अनस्थीसिया दिया जा सकता है और उस के बाद की हालत की जिम्मेदारी हमारी होगी ।

मेरा आपसे मे विनम्र निवेदन है कि डा० करोली से पूछा जाये कि उन्होंने क्या जिम्मेवारी निबाही ?

उसके लिए आप को चिन्ता करने की जरूरत नहीं । मेरे विचार में यही बात डा० लोहिया को हम से जुदा करने का कारण बनी ।

यहां पर इस बात को साफ-साफ कहता हूं—अगर उस समय आपरेशन न हुआ होता तो डा० लोहिया हम से अलग न होते ।

3. आपरेशन की तारीख को एडवांस करने के कारणों के बारे में कमेटी चुप है, क्योंकि रिकार्ड से इस सम्बन्ध में कोई मदद नहीं मिली । असल में तो रिकार्ड का न मिलना भी इस बात को स्पष्ट कर देता है कि सच्चाई को जानबूझ कर छिपाया जा रहा है ।